**NEWS CLIPPING: 27.06.2020**

## PUNJAB KESARI

### जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में फाइनल सेमेस्टर परीक्षाए रदद्

#### विद्यार्थियों को प्रोन्नत करने पर निर्णय के लिए कमेटी का गठन

फरीदाबाद, 26 जून (ब्यूरो) : कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 3 जुलाई, 2020 से ऑनलाइन मोड में होने वाली फाइनल सेमेस्टर की परीक्षाओं को रद्द करने का निर्णय लिया है। हरियाणा सरकार द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के अकादमिक हित की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने तथा री-अपीयर के मामलों में राज्य सरकार के निर्देशों में निहित प्रावधानों के क्रियान्वयन की उचित प्रक्रिया अपनाने पर विचार-विमर्श के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक कमेटी का गठन किया है। विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने पर निर्णय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर लिया जायेगा। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय फाइनल सेमेस्टर तथा मध्यवर्ती सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों के लिए जारी राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना के लिए कटिबद्ध है तथा इनमें निहित प्रावधानों को लागू करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने आगे कहा कि अपने ग्रेड में सुधार करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में परिस्थितियां पुन: सामान्य होने पर पारंपरिक तरीके से परीक्षाओं का आयोजित करने की योजना है।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat,27 June 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 1

**NEWS CLIPPING: 27.06.2020**

## DAINIK JAGRAN

# जे.सी.बोस विवि ने रद की फाइनल सेमेस्टर परीक्षाएं

जासं, फरीदाबाद: कोरोना संक्रमण के मद्देनजर जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) फरीदाबाद ने तीन जुलाई, 2020 से ऑनलाइन मोड में होने वाली फाइनल सेमेस्टर की परीक्षाएं रद करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार के जारी निर्देशों की अनुपालना में विवि ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। बकौल कुलपति प्रो.दिनेश कुमार, छात्रों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने तथा री-अपीयर के मामलों में राज्य सरकार के निर्देशों में निहित प्रावधानों के क्रियान्वयन की उचित प्रक्रिया अपनाने पर विचार-विमर्श के लिए विवि ने कमेटी गठित की है। छात्रों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने पर निर्णय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर होगा। विवि फाइनल सेमेस्टर तथा मध्यवर्ती सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों के लिए जारी राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना के लिए कटिबद्ध है तथा इनमें निहित प्रावधानों को लागू करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने आगे कहा कि अपने ग्रेड में सुधार करने के इच्छुक छात्रों के लिए विवि द्वारा भविष्य में परिस्थितियां पुनः सामान्य होने पर पारंपरिक तरीके से परीक्षाओं का आयोजित करने की योजना है।

**NEWS CLIPPING: 27.06.2020**

**HINDUSTAN**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में तीन से होने वाली परीक्षा रद्द

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में 3 जुलाई से शुरू होने वाली ऑनलाइन फाइनल सेमेस्टर की परीक्षाओं को रद्द करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार की ओर से जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना में विश्वविद्यालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने तथा री-अपीयर के लिए विश्वविद्यालय की ओर से एक कमेटी का गठन किया है। जो विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने पर निर्णय लेगी। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। विभाग हर पहलु पर नजर रख रहा है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.06.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस ने टाले फाइनल सेमेस्टर के एग्जाम

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** कोरोना महामारी के कारण जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने 3 जुलाई से ऑनलाइन मोड में होने वाली फाइनल सेमेस्टर की परीक्षाओं को रद्द करने का निर्णय लिया है। हरियाणा सरकार की तरफ से जारी निर्देशों की अनुपालना में यूनिवर्सिटी ने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि छात्रों को अगली क्लास में प्रमोट करने व री-अपीयर के मामलों में राज्य सरकार के निर्देशों पर विचार-विमर्श के लिए यूनिवर्सिटी ने एक कमिटी का गठन किया है। प्रमोट करने पर निर्णय कमिटी की रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 27.06.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# विवि की ऑनलाइन परीक्षाएं रद्द

**फरीदाबाद।** कोरोना की वजह से जेसी बोस विवि ने ऑनलाइन परीक्षाओं का संचालन रद्द कर दिया है। महर्षि दयानंद विवि (एमडीयू) ने भी परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया है। उच्च शिक्षा विभाग और तकनीकी शिक्षा विभाग ने शिक्षण संस्थानों को परीक्षाएं रद्द करने या फिर ऑनलाइन परीक्षा आयोजन का सुझाव दिया था। अंतिम फैसला जिले के कुल 10 कॉलेजों में पढ़ने वाले करीब 30 हजार छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 27.06.2020**

## DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने रद्द कर दिया फाइनल सेमेस्टर की परीक्षाएं

## तीन जुलाई से ऑनलाइन मोड में होनी थी फाइनल सेमेस्टर की परीक्षाएं

### विद्यार्थियों को प्रोन्नत करने पर निर्णय के लिए कमेटी का गठन हुआ

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

कोरोना से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 3 जुलाई से ऑनलाइन मोड में होने वाली फाइनल सेमेस्टर की परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। हरियाणा सरकार की ओर से जारी निर्देश की अनुपालना में विश्वविद्यालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के अकादमिक हित की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।, विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने तथा रि-एपियर के मामलों में राज्य सरकार के निर्देशों में निहित प्रावधानों के क्रियान्वयन की उचित प्रक्रिया अपनाने पर विचार-विमर्श के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक कमेटी का गठन किया है। विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने पर निर्णय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा।

**राज्य सरकार के निर्देश की अनुपालना के लिए कटिबद्ध है** | कुलपति के अनुसार विश्वविद्यालय फाइनल सेमेस्टर तथा मध्यवर्ती सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों के लिए जारी राज्य सरकार के निर्देश की अनुपालना के लिए कटिबद्ध है तथा इनमें निहित प्रावधानों को लागू करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा अपने ग्रेड में सुधार करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में परिस्थितियां पुनः सामान्य होने पर पारंपरिक तरीके से परीक्षाओं का आयोजित करने की योजना है।